प्रेस विज्ञप्ति/ प्रकाशनार्थ

1 अक्टूबर,2020 गोरखपुर ।

1 अक्टूबर प्रति वर्ष पूरे देश में राष्ट्रिय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के रुप में मनाया जाता है , इस वर्ष राष्ट्रिय रक्तदान दिवस की थीम " let's donate blood voluntrily and contribute to the fight against CORONA"हैं, एवं नारा "रक्तदान करके देखो अच्छा लगता है" है। मनुष्य के जीवन में रक्त की आवश्यकता एव महत्व दर्शाने के लिए प्रति बर्ष आज के दिन उत्साह के रूप में मनाया जाता है। इस दिन बिशेष रूप से रक्तदाताओ को रक्तदान कर जीवन दान देने हेतु धन्यवाद किया जाता है

इस पावन अवसर पर गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक द्वारा डिजिटल माध्यम से वर्चुअल रूप से रक्तदाताओ को सम्बोधन किया गया।इस अवसर पर डॉ तूलिका चंद्र (के.जी.एम. यू. लखनऊ)श्री ए. के जैन (औषधि नियत्रक उत्तर प्रदेश)श्री बृजेश यादव औषधि निरीक्षक लखनऊ ,श्री ए.के. पाण्डेय पूर्व औषधि नियत्रक गाजियाबाद ,श्री माधोश्याम त्रिपाठी NACO लखनऊ, डॉ ममता जैसवाल गोरखनाथ ब्लड बैंक ऑफिसर , डॉ कामेश्वर सिंह, अपर निदेशक गोरखनाथ चिकित्सालय ,डॉ अवधेश अग्रवाल ब्लड बैंक प्रभारी ने भाग लिया ।कार्यक्रम का शुरुवात डॉ अग्रवाल ने सबका स्वागत करते हुए ब्लड बैंक की कार्य प्रणाली एवं प्रस्तविकि पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि अभी तक लगभग 4 लाख यूनिट रक्त की आपूर्ति किया गोरखनाथ ब्लड बैंक द्वारा किया जा चुका है। के जी यम यू से डॉ तूलिका चंद्रा ने रक्तदाता दिवस की शुभकामनाए देते हुए बताया की पूर्वांचल के लिए गोरखनाथ ब्लड बैंक बरदान है। ड्रग कंट्रोलर उत्तर प्रदेश श्री ए .के. जैन ने इस कार्यक्रम की प्रशंशा करते हुए सभी रक्तदाताओं के प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रदान की। ग़ाज़ियाबाद से पूर्व ड्रग केन्ट्रोलर श्री ए के पांडेय ने स्मरण करते हुए कहा कि इस ब्लड बैंक को उन्होंने ही लाइसेंस उपलब्ध कराया था डॉ ममता जैसवाल ने बताया की सन् 1975 से प्रति बर्ष 1 अक्टूबर को यह दिवस रक्तदाताओ के लिए मनाया जाता है जिसमे रक्तदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जाता है। लखनऊ से वरिष्ठऔषधि निरीक्षक श्री बृजेश यादव ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया की गोरखनाथ ब्लड बैंक की जितनी तारीफ की जाए कम है यहाँ पर सभी कार्य मानकों का अनुपालन करते हुए सम्पन्न किया जाता है उन्होंने रक्तदान शिविरों की अनुमति के लिए किये गए प्रयासों का उल्लेख किया।डॉ कामेश्वर सिंह ने इस कार्यक्रम के द्वारा रक्तदाताओ को अपनी शुभकामनाए देते हुए ब्लड बैंक को पूर्वांचल के गौरव बताया।

इस शुभ अवसर पर रक्तदान करने वाले स्वःरक्तदाताओं में गुरुद्वारा जटाशंकर के अध्यक्ष रक्तवीर यशपाल सिंह जिन्होंने 75 से अधिक बार रक्तदान किया है तथा जगनयन सिंह ने भी 60 से अधिक बार रक्तदान किया है के अतिरिक्त कई रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतिकात्मक भेंट उपहार स्वरुप दिया गया । इस अवसर पर मीडिया कर्मी एवं चिकित्सालय के चिकित्सक अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मीडिया प्रभारी विनय गौतम तथा तकनीशियन राजीव की अहम भूमिका रही। यह जानकारी ब्लड बैंक प्रभारी डा 0 अवधेश अग्रवाल ने दी।